भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

CAB.No.(by email)/09.06.002/2024-25 10 जुलाई 2025

अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
सभी बैंक

महोदय / महोदया,

**बैंकों के आधार-मध्य-स्तर के अधिकारियों के लिए फिनटेक पर आवासीय कार्यक्रम – 06-08 अगस्त, 2025**

सी.ए.बी., भारतीय रिजर्व बैंक, पुणे **बैंकों के आधार-मध्य-स्तर के अधिकारियों** हेतु **06-08 अगस्त, 2025** के दौरान **फिनटेक** पर **तीन** दिवसीय **आवासीय** कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।.

**2. उद्देश्य :** कार्यक्रम के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- फिनटेक उद्योग और उसका बैंकिंग क्षेत्र के साथ जुड़ाव का अवलोकन प्रदान करना।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**,** मशीन लर्निंग और बिग डेटा एनालिटिक्स से परिचित होना और बैंकिंग उद्योग में इसके उपयोग को भी समझना।
- फिनटेक से संबंधित नियामक पहलों के विषय में जानना।

**3. स्थान और आवास**

यह कार्यक्रम आवासीय है। ठहरने और खाने की व्यवस्था पुणे के सीएबी परिसर में की जाएगी.

**4. पाठ्यक्रम सामग्री**

कार्यक्रम की विस्तृत पाठ्यक्रम सामग्री **अनुबंध** में दी गई है.

**5. नामांकन**

हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया **30 जुलाई 2025** तक कार्यक्रम के लिए उपयुक्त अधिकारियों को नामित करें। **कार्यक्रम के लिए नामांकन फॉर्म संलग्न है।** नामांकन फॉर्म कृपया nomination.itps@rbi.org.in पर

भेजे जा सकते हैं। नामांकन संबंधी पूछताछ के लिए आप नामांकन डेस्क – श्री अमित पाटील से संपर्क कर सकते हैं (ईमेल आईडी: nomination.itps@rbi.org.in, Telephone No. 020-25582344)। **भागीदारी शुल्क का विवरण विवरणिका में दिया गया है।**

**कृपया ध्यान दें: नामांकन की स्वीकृति प्राप्ति की शीघ्रता पर निर्भर करेगी, अतः नामांकन शीघ्रातिशीघ्र भेजें. प्रतिभागिता शुल्क का भुगतान महाविद्यालय द्वारा नामांकन का पुष्टिकरण होने के बाद ही करें। आवासीय कार्यक्रमों के मामले में, बैच साइज की बाधा होती है, यदि सीटें नामांकन की अंतिम तिथि से पहले पूरी हो जाती हैं, तो अंतिम तिथि से पहले भेजे जाने पर भी नामांकन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

| **स्मरण हेतु महत्वपूर्ण तिथियाँ** | |
|---|---|
| कार्यक्रम की तारीख | 06-08 अगस्त, 2025 |
| नामांकन भेजने की अंतिम तारीख | 30 जुलाई 2025 |
| CAB में रिपोर्टिंग | 05 अगस्त, 2025 (शाम) तक |
| कार्यक्रम समाप्ति | 08 अगस्त, 2025 (शुक्रवार) को शाम 5.30 तक |

प्रतिभागी कार्यक्रम के प्रारम्भ होने की पूर्व संध्या पर कॉलेज पहुँचें तथा कार्यक्रम के समापन पर प्रस्थान कर सकते हैं।

भवदीय,

(सौगत चक्रबर्ती)

संलग्न: ऊपरोक्त अनुसार

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, विद्यापीठ मार्ग, पुणे - 411 016 (महाराष्ट्र) भारत
फोन : (91-020) 25582361 फैक्स : (91-020)25538959 ई-मेल: principalcab@rbi.org.in

College of Agricultural Banking, University Road, Pune - 411 016, (Maharashtra), INDIA
Phone : (91-020) 25582361 Fax : (91-020) 25537756E-mail : principalcab@rbi.org.in
हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइये

**अनुबंध**

### मॉड्यूल 1: आईटी का उपयोग करके भारतीय बैंकिंग का परिवर्तन

- बैंकिंग प्रौद्योगिकी का विकास
- आईटी और साइबर सुरक्षा पर दिशानिर्देश

### मॉड्यूल 2: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और बिग डेटा

- एआई, एमएल और बिग डेटा का परिचय
- बैंकिंग उद्योग में उपयोग

### मॉड्यूल 3: बैंकिंग उद्योग में फिनटेक की भूमिका

- फिनटेक उद्योग का अवलोकन
- बैंकों और फिनटेक का सहयोग

### मॉड्यूल 4: फिनटेक के लिए नियामक पहल

- नियामक सैंडबॉक्स
- रिजर्व बैंक इनोवेशन हब
- रेगटेक और सुपरटेक उपक्रम

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, विद्यापीठ मार्ग, पुणे - 411 016 (महाराष्ट्र) भारत
फोन : (91-020) 25582361 फैक्स : (91-020)25538959 ई-मेल: principalcab@rbi.org.in

College of Agricultural Banking, University Road, Pune - 411 016, (Maharashtra), INDIA
Phone : (91-020) 25582361 Fax : (91-020) 25537756E-mail : principalcab@rbi.org.in
हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइये



*भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 1969 में ग्रामीण और सहकारी बैंकिंग में प्रशिक्षण इनपुट प्रदान करने के लिए कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी) की स्थापना की गई। इसके बाद, भारतीय वित्तीय क्षेत्र की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखे हुए, महाविद्यालय द्वारा कृषि बैंकिंग, एमएसएमई वित्तपोषण, वित्तीय समावेशन और साक्षरता, मानव संसाधन और नेतृत्व आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपने दायरे का विस्तार किया गया। अकादमिक वर्ष 2021 से महाविद्यालय द्वारा चार फोकस एरिया (4C) यथा कॉर्पोरेट गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा, ग्राहक सेवा और अनुपालन प्रबंधन की पहचान की गई हैं ताकि वित्तीय प्रणाली में मजबूती प्रदान करने और सेवा मानकों में वृद्धि करने के लिए बैंकरों तथा फाइनेंशियल प्रोफेशनलों की क्षमता निर्माण की जा सके।*

*महाविद्यालय द्वारा FAO, APRACA, CICTAB, UNDP और राष्ट्रमंडल सचिवालय जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से कार्यक्रम और अनुसंधान सम्मेलन भी आयोजित किए जाते हैं। इसी के साथ, महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए उनकी आवश्यकतानुसार कस्टमाइज प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।*

*वर्ष 2015 से एमएसएमई वित्तपोषण के क्षेत्र में विशेषीकृत नैमकैब कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए नोडल संस्थान के रूप में नामित किए जाने के साथ ही वर्ष 2021 में मिशन 'अवतु' के अंतर्गत साइबर सुरक्षा पर शहरी सहकारी बैंकों के विभिन्न स्टेकहोल्डरों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए महाविद्यालय को 'नोडल संस्थान' के रूप में नामित किया गया।*

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, विद्यापीठ मार्ग, पुणे - 411 016 (महाराष्ट्र) भारत
फोन : (91-020) 25582361 फैक्स : (91-020)25538959 ई-मेल: principalcab@rbi.org.in

College of Agricultural Banking, University Road, Pune - 411 016, (Maharashtra), INDIA
Phone : (91-020) 25582361 Fax : (91-020) 25537756E-mail : principalcab@rbi.org.in

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइये